Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-02-2006
Participants : Yadav Shri Ram Kripal

an>

Title : Need to provide loans to farmers at lower rate of interest.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : अध्यक्ष महोदय, देश के किसानों के लिए समान ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध नहीं होने के कारण हमारे देश के किसानों की समस्या दिन-प्रतिदिन बद से बद्तर होती जा रही है चाहे सरकार कितना ही भरोसे उन्हें दे, कोइ भी भरोसा किसानों के हितकर नहीं साबित हो रहा है। किसानों को तो एक तरफ 11-12 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मिलता है जबकि बड़े-बड़े औद्योगिक घराने या बिल्डरों को बहुत ही कम दर पर यानि 5-6 प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध है। एक ही देश में किसानों के साथ इस तरह का भेदभाव अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। किसान देश की रीढ़ है। अगर उनके उत्थान के लिए सरकार द्वारा कदम नहीं उठाया गया तो हम लोग देश की उत्थान की बात सोच भी नहीं सकते हैं।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि देश के किसानों के लिए भी समान ब्याज दर पर यानि 5-6 प्रतिशत दर से ही ऋण अधिक से अधिक उपलब्ध कराने की कृपा करें, जिससे किसानों को भी समान दर का लाभ बराबरी की तरह मिले।